**Title:** Need for construction of a sub-way on Mumbai- Agra National Highway at Wadalibhui village in Nasik district in Maharashtra-Laid.

श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) : महोदय, वडालीभुई तहसील चांदवाडा, जिला नासिक महाराष्ट्र के गांव के बीच में मुम्बई आगरा नैशनल रोड जाता है जिस पर बहुत यातायात होता है। गांव के दक्षिण दिशा में प्राथमिक स्कूल, हाई स्कूल, सहकारी संस्थाएं, स्वास्थ्य केन्द्र अन्य दफ्तर हैं। रास्ता पार करके जाना पड़ता है। रास्ता पार करना बहुत मुश्किल होता है। हर साल एक दो बच्चे अपघात से गुजर जाते हैं। आपके माध्यम से भारत सरकार को निवेदन है कि जल्दी से जल्दी १५ फुट चौड़ाई का और ३० फुट लम्बाई भूतल पथ बनायें ताकि लोगों को कठिनाई दूर हो जाये।